संख्या–cm-628
**21/09/2026**

# बिहार राज्य भंडार निगम ने 2 करोड़ रूपये तथा बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड ने 1 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

पटना, 21 सितम्बर 2026 :– बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए बिहार राज्य भंडार निगम (बिहार स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन) ने 2 करोड़ रूपये तथा बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड ने 1 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव, विधायक श्री जितेन्द्र कुमार, सहकारिता विभाग के सचिव श्री धर्मेन्द्र सिंह, बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री रमेश चंद्र चौबे, बिस्कोमान के चेयरमैन श्री विशाल सिंह सहित प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य सदस्य उपस्थित थे।

******